# 9 उलझन-सुलझन

पहेलियाँ बूझना एक कला है; पहेलियों से छात्रों की तर्क तथा विचारशक्ति का विकास होता है। यहाँ पहेलियों के माध्यम से इस शक्ति का विकास करने का प्रयत्न किया गया है।

(1) एक फूल काले रंग का, सिर पर सदा सुहाता
तेज धूप वर्षा में खिलता, छाया में मुरझाता।

(2) चोर नहीं डाकू नहीं, नहीं कहीं की रानी
बत्तीस सिपाही घेरे रहते, तन-मन पानी-पानी


(3) नाम मेरा तीन अक्षर का, रहनेवाला सागर तट का
खाने में आता हूँ काम, बोलो बच्चो मेरा नाम।

(4) आदि कटे तो दशरथ सुत होता, मध्य कटे तो आम,
अंत कटे तो काटूँ लकड़ी, बोलो मेरा नाम।

(5) दो सखियाँ दोनों चंचल, फिरती फाटक खोलें,
सो जाएँ तो सपने देखें, हँसे खुशी में, दु:ख में रो लें।

(6) दादा है पर दादी नहीं, भाई है पर बहन नहीं
नव है पर दस नहीं, रोजी है पर रोटी नहीं।

(7) दिए गए चित्रों में चित्र के शब्द ढूँढ़िए :





## शब्दार्थ

**सिर** मस्तिष्क **सुत** पुत्र **तट** किनारा **आदि** प्रारंभ


## अभ्यास

**प्रश्न 1. दिए गए शब्द के उत्तर मिले ऐसी पहेलियाँ बनाइए :**

(1) पेड़ (2) आम (3) बारिश (4) हाथी

(5) मोर (6) मोबाइल (7) बादल

**प्रश्न 2. दिए गए चित्र में किन देशभक्तों की तसवीरें उभरती हैं ? – खोजिए और लिखिए :**



..........................................

..........................................

..........................................

..........................................


..........................................

..........................................

..........................................

..........................................

प्रश्न 4. इस चित्र में 'च' से शुरू होनेवाली कितनी चीज़ें हैं?




मैंने ढूँढ़ीं ..........................................................................................

..........................................................................................................

'**च**' से शुरू होने वाली कौन-कौन-सी चीज़ें हमसे छूट गईं? उनके चित्र बनाइए।

## स्वाध्याय

प्रश्न 1. इस चित्र में 'म' से शुरू होनेवाली कितनी चीज़ें हैं?



मैंने ढूँढ़ीं .......................................................................................................

.......................................................................................................

'**म**' से शुरू होने वाली कौन-कौन-सी चीज़ें हमसे छूट गईं ? उनके चित्र बनाइए।

## योग्यता विस्तार

- शब्द पहेली की रचना कीजिए।
- ऐसा चित्र बनाइए जिनमें प्राणी, पक्षी, फूल और यातायात के साधन आदि दिखाई देते हैं।
- निम्नलिखित शब्दचित्र देखिए और उनके नाम गुजराती और हिन्दी में लिखिए :







................................. ................................. .................................